VISM GROUP OF STUDIES
VISM CAMPUS: Turari, NH-75, Jhansi Road, Gwalior (M.P.)
website: www.vismgwalior.com | Email : vism_gwalior@rediffmail.com
Ph: 0751-2970027 | Fax : 0751-2970023

दिनांकः— 02 / 06 / 2023

व्हीआईएसएम में हुआ छात्र—छात्राओं का विदाई समारोह

व्हीआईएसएम ग्रुप के अन्तर्गत संचालित जय इंस्टीटयूट नर्सिंग एण्ड रिसर्च के बी.एस.सी. अंतिम वर्ष के एवं जय इंस्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साईसेंस एण्ड रिसर्च के बी.फार्मा. पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष छात्र—छात्राओं का विदाई समारोह '' विड आडी'' समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। दोनो महाविद्यालय के जूनियर छात्र—छात्राओं ने अपने सीनियर्स को भावमय विदाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुई । सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का छात्र—छात्राओं ने स्वागत किया। तत्पश्चात् रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। सोलो एवं ग्रुप डांस, मधुर गीत संगीत एवं स्वस्थ्य हास्य परिहास का दौर चला। महाविद्यालय में व्यतीत समय का विडियो बना कर दिखाया गया। छात्र—छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि उनका महाविद्यालय ओर फैकल्टीज ओर महाविद्यालयों से कैसे अलग है, वापस जाने पर वे अपने क्षेत्र के साथियों से इसी महाविद्यालय मे प्रवेश की अनुशंसा क्यों करेंगे। उनका कहना था कि नियमित कक्षाऐं एवं अनुशासन इस महाविद्यालय की सम्पदा है। उनका यह भी कहना था कि नर्सिंग विद्यार्थियों का तो यह भी कहना था कि कोरोना काल में व्हीआईएसएम हॉस्पिटल में उन्होंने ड्यूटी देकर जो अनुभव प्राप्त किया वह उन्हे हमेशा याद रहेगा। समय — समय पर प्रंबधन द्वारा उन्हे वैक्सीनेशन कार्यो एवं चिकित्सा शिविरो में भेजा जाता था। इससे उन्होंने बहुत ही प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त किया यह सभी बाते हमको भविष्य में सम्बल देंगी। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने आशीर्वाद स्वरूप अपने उदबोदन में कहा कि विद्यार्थियों का यह कहना कि वे इस महाविद्यालय को भीड से अलग समझते है एवं अनुभवो का खजाना लेकर जा रहे है मेरे लिये संतोष का विषय है। मैने 2005 में ही यह संकल्प लिया था कि राष्ट्रोत्थॉन के लिये मैं शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी ऊर्जा लगाउंगॉ। आज मुझे लग रहा है कि हम सही दिशा में आगे बढ रहे है। हमारे निर्सिंग महाविद्यालय ने विश्वविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ प्रतिभाऐं दी है, जो विभिन्न क्षेंत्रो में नाम रोशन कर रहें है। फार्मेसी महाविद्यालय अभी शैशव अवस्था में है एवं वह भी सही दिशा में चल रहा है। उसका प्रथम बैच इस

वर्ष पासआउट होकर जा रहा है । उम्मीद है आने वाले बैच भी महाविद्यालय को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने कहॉ कि छात्र–छात्राओं को अपने स्नातक की डीग्री का उपयोग अधिक संभावनाओं वाले क्षेत्र में भी करना चाहिए कार्यक्रम के अंत में बीएससी नर्सिंग के मिस्टर हिमांशु पारासर एवं निशा दलाल को क्रमशः मिस्टर एवं मिस फैयरवेल एवं अनुपम कुमारी को स्टूडेन्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। बी फार्मा के विनय को मिस्टर फैयरवेल के साथ–साथ स्टूडेन्ट ऑफ द ईयर का खिताब दिया गया जबकि शिवानी गुप्ता मिस फैयरवेल चुनी गई इस अवसर पर संस्थान की चेयरपर्सन सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह, समस्त कॉलेज के प्राचार्यागण व व्हीआईएसएम हॉस्पिटल के चिकित्सकों सहित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों के साथ–साथ छात्र–छात्राऐं उपस्थित रहें। अंत में स्वागत भोज का आयोजन किया गया।